डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्या: ए0के0टी0यू0 / नामांकन–35 / 2023 / 5417　　　　　　दिनांक: 24 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,

लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषय: सत्र 2024–25 में नव–प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल पर भरवाए जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–ए0के0टी0यू0 / नामांकन–35 / 2023 / 5353, दिनांक–17 दिसम्बर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र में वर्णित कतिपय तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

1. सत्र 2024–25 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर नवप्रवेशित छात्र–छात्राएं समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगिन के माध्यम से दिनांक–21 दिसम्बर, 2024 से दिनांक–23 दिसम्बर, 2024 तक अपनी ब्रांच एवं सूचनाएं संशोधित कर सकेंगे, को दिनांक–30 दिसम्बर, 2024 तक विस्तारित किया जाता है।
2. सत्र 2024–25 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से रिक्त बची एवं मैनेजमेंट कोटा सीटों पर नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन दिनांक–25 दिसम्बर, 2024 के स्थान पर दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 से दिनांक–10 जनवरी, 2025 तक विस्तारित किया जाता है
3. डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के उपरांत सफल सत्यापित विद्यार्थियों का नामांकन एवं परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाने की निर्धारित अंतिम तिथि–10 जनवरी, 2025 को दिनांक–15 जनवरी, 2025 तक से विस्तारित किया जाता है।
4. उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी तिथियाँ एवं शर्तें विश्वविद्यालय के तद्वर्णित पत्र दिनांक–17 दिसम्बर, 2024 के अनुसार यथावत् रहेंगी।

कृपया तदनुसार अवगत होते हुए कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीया

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव